Chapter- 9

विशेषण

STUDY NOTES

विषय सारांश:

- जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता या गुण बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।
- विशेषण के चार भेद हैं। जैसे- गुणवाचक विशेषण, संख्यावाचक विशेषण, परिमाणवाचक विशेषण, सार्वनामिक विशेषण।

१. **गुणवाचक विशेषण:** जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के गुण, अवस्था, रूप, रंग, आकार आदि का बोध कराते हैं, उन्हें गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
उदाहरण- बड़ा, ऊँचा, मूर्ख, नीला, बीमार............ आदि।

२. **संख्यावाचक विशेषण:** जो शब्द संज्ञा शब्दों की संख्या या क्रम बताते हैं, उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।
उदाहरण- कुछ, एक, दो, पाँचवा, पहला ....आदि।

संख्यावाचक विशेषण के दो भेद हैं। निश्चित संख्यावाचक विशेषण और अनिश्चित संख्या वाचक विशेषण।

- जो विशेषण शब्द निश्चित संख्या का बोध कराते हैं उन्हें निश्चित संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- बीस, आठ, छठा, दूसरा, पहली .... आदि।
- जो विशेषण शब्द निश्चिति संख्या का बोध नहीं कराते, उन्हें अनिश्चति संख्यावाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- कुछ, कई .... आदि।

३. **परिमाणवाचक विशेषण:** जो शब्द संज्ञा शब्दों का माप- तौल बताते हैं, उन्हें परिणामवाचक विशेषण कहते हैं।
परिमाणवाचक विशेषण को दो भागों में बॉटा जाता हैं। जैसे- निश्चित परिमाणवाचक विशेषण और अनिश्चित परमिाणवाचक विशेषण।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

- जो विशेषण शब्द निश्चित माप-तौल बताते हैं, उन्हें निश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- दो लीटर दूध, तीन मीटर कपड़ा .... आदि।

- जो विशेषण शब्द निश्चित माप-तौल नहीं बताते उन्हें अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं। उदाहरण- थोड़ी दाल, अधिक गरमी, बहुत मिठास .... आदि।

४. **सार्वनामिक विशेषण**: जो सर्वनाम शब्द संज्ञा से पहले लगकर उसकी विशेषता बताते हैं, उन्हें सार्वनामिक विशेषण कहते हैं।

उदाहरण- यह घर, वे पेड़, मेरा कमरा .... आदि।

आइए, अब लिखें:

१. निम्नलिखित विशेषण शब्दों को उचित स्थान पर लिखिए।

कोई खट्टा भारी यह कायर कुछ लोग भारतीय सातवँ वह

डेढ़ दर्जन छह किलो उस ज्यादा तीस दो मीटर सौ लीटर

गुणवाचक	संख्यावाचक	परिमाणवाचक	सार्वनामिक
खट्टा	डेढ़ दर्जन	छह किलो	वह
भारी	तीस	दो मीटर	कोई
कायर	कुछ लोग	सौ लीटर	उस
भारतीय	सातवाँ	ज्यादा	यह

२. विशेषण शब्दों को उचित विशेष्य से मिलाइए।

क) चार लीटर	i) इमारत
ख) ऊँची	ii) वस्तुएँ
ग) हरी	iii) पानी
घ) अधिक	iv) व्यक्ति
ङ) स्वस्थ	v) मौसम
च) सुहाना	vi) घास

(क → iii, ख → i, ग → vi, घ → ii, ङ → iv, च → v)

३. दिए गए चित्रों के सामने दो-दो विशेषण शब्द लिखकर उनसे वाक्य बनाइए।



बड़ी- मुझे बड़ी गेंद से खेलना पसंद है।

मेरी- यह मेरी गेंद है।



सुंदर- रामू का घोड़ा बहुत सुंदर है।

चालाक- चालाक घोड़े ने मालिक की जान बचाई।

मेरी- मेरी दादी कल आएँगीं।

पढ़ाकु- पढ़ाकु दादी कहानी पढ़ रही है।

४. उचित विशेषण शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए।

क) आज का दिन बहुत **अच्छा** है।

ख) आकाश में **कई** तारे टिमटिमाते हैं।

ग) हमारी धरती **सुंदर** है।

घ) तैराक **थंडे** पानी में कूद पड़ा।

ङ) गायक ने **सुरीला** गीत गाकर सबका मन जीत लिया।

च) डॉक्टर ने मोना को **ताजे** फल खाने को कहा।

♦♦♦